पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में फूलों की बहार, राज्यपाल ने लिया जायजा

25-26 फरवरी को राजभवन में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

1 मार्च से खुलेंगे आमजन के लिये राजभवन के उद्यान

लखनऊ 20 फरवरी, 2017

राजभवन में 25-26 फरवरी, 2017 को आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल-शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के मद्देनजर राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपनी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक सहित आज राजभवन के उद्यान एवं फूलों की क्यारियों का जायजा लिया। राजभवन में आजकल जहां एक तरफ रंगीन गुलाब, मौसमी फूलों की बहार आई है तो साथ-साथ आम के पेड़ों में बौर भी अपने शबाब पर हैं।

राजभवन में हर वर्ष फरवरी माह में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है, जिसमें अनेक प्रकार के फूल, पौधे, फल, शाकभाजी, औषधि पौधों तथा आकर्षक मण्डप व सजावटी फूलों की अनेक कला-कृतियाँ प्रदर्शित की जाती हैं। यह प्रदर्शनी पुष्प प्रेमियों के बीच बहुत लोकप्रिय है। प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार 25 फरवरी, 2017 को अपरान्ह 3.00 बजे किया जायेगा जिसका समापन राज्यपाल रविवार 26 फरवरी, 2017 को पुरस्कार वितरण के बाद करेंगे।

इसी क्रम में राजभवन के गार्डेन आम आगन्तुकों के लिये 1 मार्च से 10 मार्च, 2017 तक प्रतिदिन अपरान्ह 3.00 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक खोले जायेंगे। आगन्तुक राजभवन के गेट नं0 3 (तोप वाले गेट के बगल) से प्रवेश कर सकेंगे। आगन्तुकों के लिये अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (59/16)